आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

- भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में आतंकवादियों के नौ ठिकानों को पूरी तरह नष्ट किया।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेनाओं की सराहना की–पहलगाम आतंकी हमले की जवाबी कार्यवाही **ऑपरेशन सिंदूर** को संतुलित और संयमित बताया।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशभर में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने और सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिये।
- राष्ट्रीय सुरक्षा की तैयारियों को मजबूत करने के लिए देशभर के नागरिक सुरक्षा जिलों में मॉकड्रिल–प्रदेश में भी पूर्वाभ्यास जारी।
- देश के कई हवाई अड्डों से उड़ानें स्थगित–कई घरेलू उड़ानें 10 मई तक रद्द।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर बरकरार–कुछ स्थानों पर तेज़ हवाओं के साथ हल्की बरसात।

000

भारतीय सशस्त्र बलों ने बीती रात **ऑपरेशन सिंदूर** चलाकर पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। ये ऑपरेशन करीब 25 मिनट चला। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बयान में भारतीय सेनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने लक्ष्य को सटीकता से हासिल किया और संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही की।

-------------

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार–एनएसए अजीत डोभाल ने कई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों से बात की है। ये बातचीत पाकिस्तान और पाक के कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर में आतंकी ढांचों पर हमलों के तुरंत बाद की गई। एनएसए ने उन्हें कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ये संतुलित और नपीतुली थी। उन्होंने कहा कि भारत का इरादा तनाव बढ़ाने का नहीं है। हालांकि पाकिस्तान की हर कार्रवाई का भारत करारा जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

नई दिल्ली में भारतीय सेना, वायु सेना और विदेश मंत्रालय की प्रेस वार्ता में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले की जवाबी कार्रवाई के तौर पर ये ऑपरेशन शुरू किया गया।

-------------

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जांच से पाकिस्तान का आतंकियों के साथ संबंधों का पर्दाफाश हुआ है।

-------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन में आज दोपहर में हुई ये मुलाकात ऑपरेशन सिंदूर चलाने के कुछ घंटे बाद हुई। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने उन्हें इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी।

वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज दोपहर सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों की बैठक ली। इससे राजस्थान सहित नौ राज्य जुड़े।

पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के बाद राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सेना के शौर्य को नमन किया है। उन्होंने कहा कि सेना ने सटीक, सतर्क और संयमित कार्यवाही की। सभी राजनीतिक दलों ने भी सेना की सराहना की है। प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इस कार्रवाई को "आतंक के खिलाफ निर्णायक कदम" और देश की एकजुटता की मिसाल बताया।

-------------

रक्षा विशेषज्ञ कर्नल राजेश भूकर ने बताया कि इस ऑपरेशन से पाकिस्तान को संदेश दिया गया है कि वो भारत में आतंकवादी गतिविधियों से बाज़ आए।

-------------

**ऑपरेशन सिंदूर** के बाद राजस्थान में अलर्ट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में एक उच्च स्तरीय बैठक ली। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये। इसके साथ ही श्री शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान के आंतकवादी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक को देखते हुए प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि केन्द्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय करते हुए आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम सुनिश्चित किये जाएं। उन्होंने कहा कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था की जाए। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने आमलोगों से सतर्क रहने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

000

राष्ट्रीय सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने की दृष्टि से आज देश में 244 नागरिक सुरक्षा जिलों में मॉकड्रिल की जा रही है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद गृह मंत्रालय ने व्यापक नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल करने का निर्णय लिया। इसका उद्देश्य किसी भी आतंकी हमले की आपात स्थिति में नागरिकों को तैयार करना है। प्रदेश में राजधानी जयपुर समेत 28 शहरों में ये पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। इसके लिए सिटी कंट्रोल रूम से सायरन बजाकर लोगों को चेतावनी दी गई। आज ब्लैक आउट भी किया जाएगा। इस दौरान लाइटें और बिजली के उपकरण बंद रखने का परामर्श दिया गया है। खिडकियों और दरवाजों को भी बंद रखने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही रेडियो और मोबाइल तथा अन्य माध्यमों से सरकारी निर्देश सुनने और उनकी पालना करने को कहा गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में हो रहे इस पूर्वाभ्यास में पुलिस, चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग, आपदा प्रबंधन की टीम, स्काउट गाइड और कई स्वयं सेवी संगठनों के लोग शामिल हो रहे हैं। मॉकड्रिल के दौरान आपातकालीन स्थिति से निपटने और राहत तथा बचाव के उपाय परखे गए।

जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि सभी को देश के लिए एकजुट होकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करना चाहिए।

-------------

ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर देश के कई हवाई अड्डों से उड़ानें स्थगित की गई हैं। इनमें बीकानेर, जोधपुर और किशनगढ़ हवाई अड्डे भी शामिल हैं। जयपुर एयरपोर्ट से भी आज सुबह कुछ उड़ानें रद्द की गई। वहीं एयर इंडिया ने जानकारी दी कि जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट से आने–जाने वाली उड़ानें इस महीने की 10 तारीख तक रद्द रहेंगी। इस बीच, राज्य के चार सीमावर्ती जिलों श्रीगंगानगर, बाड़मेर, जैसलमेर और बीकानेर में निजी तथा सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी अवकाश कर दिया गया है। इन जिलों में पहले से तय विभिन्न परीक्षाएं भी स्थगित कर दी गई हैं। सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। इसके साथ ही मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिये गये हैं।

000

देश ने अपने अंतरिक्ष क्षेत्र को स्टार्टअप, उद्यमियों और युवा सोच के लिए खोल दिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अंतरिक्ष अन्वेषण पर वैश्विक सम्मेलन के लिए अपने वीडियो संदेश में कहा कि भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ रहा है। उन्होंने कहा कि देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन, गगनयान, बढ़ती आकांक्षाओं को उजागर करता है। प्रधानमंत्री ने बताया कि आने वाले हफ्तों में, एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री **इसरो–नासा** के संयुक्त मिशन के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष की यात्रा करेगा। श्री मोदी ने कहा कि 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन अनुसंधान और वैश्विक सहयोग में नए मोर्चे खोलेगा।

000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई और कई जगह बादल छाए रहे तथा तेज हवाएं चलीं। पाली और उदयपुर में गरज के साथ हल्की बरसात हुई। मौसम विभाग ने आज उदयपुर और कोटा संभाग में आंधी बारिश और कहीं–कहीं भारी बरसात दर्ज होने की संभावना जताई है। अगले तीन–चार दिन तक राज्य के दक्षिणी, पूर्वी और पश्चिमी भागों में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहने के आसार हैं। राज्य में अगले पांच–छह दिन तक हीटवेव से राहत बनी रहेगी।

000

कोटा के रामगंज मंडी क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस–वे पर कार के बेकाबू होकर बिजली के खम्भे से टकराने से हुई। रामगंज मंडी थानाधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के शिकार लोग एक ही परिवार के थे और दादरा नगर हवेली से ग्वालियर जा रहे थे।

000

प्रदेश में सीआईडी अपराध शाखा के 195 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। ये अलंकरण समारोह कल जयपुर में आयोजित होगा। इसमें मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक, राजस्थान पुलिस सेवा पदक, उत्कृष्ट और अति उत्कृष्ट सेवा पदक तथा उत्तम, अति उत्तम और सर्वोत्तम सेवा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

000